ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत,कोहराम

कौशाम्बी। पूरब शरीरा स्थित सुसाइटी के समीप शुक्रवार रात बेकाबू ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गयी। जबकि, उसके बेटे समेत दो लोग घायल हो गए। सभी निमंत्रण से लौटते वक्त हादसे का शिकार हुए। घटना से पीडित परिवार में कोहराम मच गया है।

कौशाम्बी थाना क्षेत्र के सिंघवल का पूरा निवासी तुल्ला सरोज (६०) किसानी करते थे। शुक्रवार की रात वह अपने बेटे कंधई सरोज (२८) व गांव के ही सैकू (४०) के साथ किसी रिश्तेदार के यहां आयोजित पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पश्चिमशरीरा गए थे। वापस लौटते वक्त पूरब शरीरा स्थित सुसाइटी के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार लगी कि बाइक सवार सभी लोग छिटककर गिर पड़े। दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग तुल्ला सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, उसके पुत्र व साथ रहा व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को एसआरएन प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिवंगत के पुत्र हरिमोहन की तहरीर पर मुकदमा कायम किया गया है। थाना प्रभारी बीएन पांडेय का कहना है कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ मुकुट पूजन



करारी में मुकुट पूजा करते रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ।

करारी,कौशाम्बी। करारी कस्बे की २९७ साल पुरानी ऐतिहासिक रामलीला की धार्मिक परंपरा का निर्वहन शुकवार देर शाम वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मुकुट पूजन कर किया गया। पूजन के दौरान माहौल भक्तिमय हो गया। मंत्रों की गूंज और पूजा-अर्चना के बीच रामलीला महोत्सव की तैयारियों का विधिवत आगाज हुआ। मुकुट पूजन के साथ ही कस्बे में रामलीला मंचन को लेकर उत्साह बढ़ गया। पंडित शिव स्वरूप गौड़ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परंपरागत तरीके से पूजन संपन्न कराया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्रबंधक पंकज शर्मा, बच्चा सिंह कुशवाहा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाया। अध्यक्ष संजय जायसवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन लगातार १३ दिनों तक चलेगा। इस दौरान भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों, आदर्शों और मर्यादा से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। कमेटी के प्रबंधक पंकज शर्मा ने बताया कि ३५ अक्टूबर को पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन होगा। इसके बाद श्रीराम जन्म, धनुष यज्ञ, वनवास, सीता हरण, लंका दहन और श्रीराम के राज्याभिषेक की लीलाएं प्रस्तुत की लाएंगी। इस मौके पर पं. रमेश शर्मा, राकेश जायसवाल, अशोक वर्मा, दिलीप जायसवाल, कमलेश अग्रहरि, संजीत मोदनवाल, मूलचंद जायसवाल, कल्लूराम चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्युत घर्षण से बेड में लगी आग, तीन माह की मासूम की मौत

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बेरुआ गांव में शनिवार सुबह बिजली के विद्युत घर्षण से बेड में आग लग गई। आग की चपेट में आने से बेड पर सो रही तीन माह की मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

बेरुआ गांव निवासी शिव कुमार रैदास पुत्र स्व० भुल्लन रैदास शनिवार सुबह अपनी पत्नी नेहा देवी के साथ घर के बाहर साफ-सफाई और घरेलू काम कर रहे थे। उनकी तीन माह की बेटी शिवांशी घर के अंदर बेड पर लेटी थी। इसी दौरान बिजली के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से बेड में आग लग गई। धुआं उठने का एहसास होने पर परिजन घर के अंदर पहुंचे तो बच्ची आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस चुकी थी। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शिवांशी अपनी मां नेहा देवी की पहली संतान थी। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जेल गये युवक के मकान से लाखों का सामान उड़ाया

कौशाम्बी। जिला कारागार में निरुद्ध एक युवक का बेखौफ चोरों ने मकान खंगाल डाला। शातिरों ने उसके एटीएम से भी करीब पांच लाख रुपये निकाल लिए। मामले में एसपी के आदेश पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर निवासी अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि २० फरवरी २०२५ को वह एक मामले में जेल चला गया था। छह दिसंबर २०२५ को जमानत पर रिहा होकर आया। घर पहुंचा तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था। भीतर कमरे में रखे ट्रॉली बैग का लॉक तोड़कर चोर एक लाख रुपया नकद, एटीएम, चेकबुक व पासबुक आदि उठा ले गए थे। बाद में सात जनवरी २०२६ को पीडित ने बैंक स्टेटमेंट निकाला तो पता चला कि खाते से भी विभिन्न तिथियों में एटीएम के जरिए पांच लाख रुपये निकाले गए हैं। पीडित ने पिछले दिनों मामले की शिकायत एसपी सत्यनारायण प्रजापत से की थी। उनके आदेश पर शुक्रवार को मुकदमा कायम किया गया है। कोतवाल विनीत सिंह का कहना है कि आरोपों की जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामूली कहासुनी में दबंगों ने युवकों को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर गांव में वृहस्पतिवार को रामलीला देखने के दौरान दो युवकों में मामूली कहासुनी होने पर दबंगों ने उसकी पिटाई की। बीच बचाव पर उसके दो अन्य साथियों को भी जमकर पीटा गया। मारपीट से पीडित व उसके साथियों को चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

गुवारा तैयबपुर गांव के महेश पुत्र मूलचंद्र दिवाकर ने बताया कि २२ अक्टूबर की रात वह गांव में हो रही रामलीला देखने अमित दिवाकर व रिश्तेदार दिलीप दिवाकर के साथ गया था। जहां पर गुलफुल सरोज, छोटू सरोज व उदय सरोज निवासीगण पीपरकुंडी थाना करारी से कहासुनी हो गई। इसके बाद रात करीब ९ बजे रतन चौराहा के समीप आरोपी दबंगों ने एक राय होकर लाठी डंडे व बेल्ट से पिटाई शुरू कर दिए। बीच बचाव करने पर साथियों की भी जमकर पिटाई किए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट से तीनों लोगों को गंभीर चोट आई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामले को लेकर करारी थानाध्यक्ष से बात किया गया तो उनका कहना है, कि तहरीर मिली है, दर्ज करा दिया गया है, जांच में आरोप सही पाये जाने पर कारवाई किया जायेगा।

साधन सहकारी समिति बैरमपुर में तीन दिन से लटक रहा ताला

कौशाम्बी। साधन सहकारी समिति बैरमपुर में तीन दिन से ताला लटकने के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। समिति के सभी कर्मचारियों के धरने पर होने के कारण किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। इसके चलते क्षेत्र में आलू व सरसों की बुआई प्रभावित हो रही है। साधन सहकारी समिति बैरमपुर में तीन दिन से उर्वरक वितरण का कार्य पूरी तरह से ठप है। किसानों का कहना है कि सहकारी समिति पर डीएपी खाद १३६० रुपये में मिलती है, जबकि निजी दुकानों पर इसके लिए १७०० से १८०० रुपये तक देने पड़ रहे हैं। उसके बाद भी खाद लोकल मिलती है इससे किसानों की खेती पर असर पड़ रहा है। समिति बंद होने के कारण किसानों को मजबूरी में निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से समिति पर खाद वितरण व्यवस्था जल्द बहाल कराने और निजी दुकानों पर खाद की निर्धारित दरों की जांच कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिली तो आलू, सरसों समेत खेती का अन्य कार्य प्रभावित हो सकता है। जिम्मेदार हैं कि समिति में उर्वरक वितरण बंद होने को लेकर तनिक भी संजीदा नहीं दिख रहे हैं।

भूमि विवाद में पिता-पुत्र को पीटा,केस दर्ज

कौशाम्बी। स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजर गोंइठा गांव निवासी विजय कुमार चौधरी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर नौ अक्तूबर की सुबह पड़ोसी अखिलेश गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने पिता मनोज कुमार, मां सुनीता व बहन कविता के साथ मिलकर पिटाई शुरू कर दी। पीडित के मुताबिक, हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता राम आसरे को भी पीटा। शोरगुल पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह पिता-पुत्र की जान बचाई।

तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए विशेष शिविर आयोजित



शिविर का निरीक्षण करतीं एसडीएम।

कौशाम्बी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा-२५१-सिराथू, २५२-मंझनपुर (अ.जा.) एवं २५३-चायल के विधानसभा निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किये जान के लिए कैंप लगाया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा-२५१-सिराथू, २५२-मंझनपुर (अ.जा.) एवं २५३-चायल के विधानसभा निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में सम्प्रति चल रहे विशेष अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 'कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य को साकार करने के लिए पात्र नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराये जाने के लिए जनपद में आज दिनांक २४.१०.२०२६ (शनिवार) को विशेष कैम्प आयोजन किया गया है। मतदेय स्थलो पर आयोजित विशेष कैम्प का निरीक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी प्रभाकर एवं जनपद के तीनो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो द्वारा किया गया।

शिविर लगाकर २० ने कराया पंजीकरण, १५ ने किया रक्तदान

कौशाम्बी। स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फौजी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें २० लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। इनमें से १५ लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का पर्यवेक्षण ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन सिंह और डॉ. नंदिनी राघव ने किया। शिविर के दौरान प्राचार्य डॉ. हरिओम कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवीय सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। इससे दुर्घटना में घायल लोगों, गंभीर बीमारियों से पीडित मरीजों और गर्भवती महिलाओं सहित जरूरतमंदों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने स्वस्थ और पात्र लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। शिविर के आयोजक पालिकाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फौजी ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि जिले में रक्त और प्लेटलेट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए लोगों को जागरूक होकर इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। रक्त की कमी के कारण किसी मरीज के उपचार में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ और पात्र व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन सिंह ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वैच्छिक रक्तदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रक्तदान से प्राप्त रक्त के विभिन्न घटकों का उपयोग अलग-अलग मरीजों के उपचार में किया जा सकता है। उन्होंने रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों से दूर रहने और चिकित्सकीय मानकों के अनुसार पात्र होने पर रक्तदान करने की अपील की। शनिवार को मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में पालिकाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सरोज उर्फ फौजी, सुनील कुमार, धर्मेंद्र, भारत लाल, अभिषेक कुमार, बलाराम, दिनेश, आजाद सिंह, अंशुल केसरवानी, गोलू, आदर्श कुमार, अनिल कुमार, हंसराज, अवधेश सरोज और अमित यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

फ्लाईओवर पर नहीं लगी स्ट्रीट लाइट, शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

कौशाम्बी। तहसील चायल के इब्राहीमाबाद के १० नंबर गेट पर बने फ्लाईओवर पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। करीब तीन वर्ष पहले बने इस फ्लाईओवर पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटना और अप्रिय घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक रोशनी का इंतजाम नहीं किया गया है। रामचंद, शिव मोहन, लखनलाल आदि लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर से दिनभर लोगों का आवागमन होता है। शाम ढलते ही यहां अंधेरा होने से वाहन चालकों और पैदल चलने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है। रोशनी के अभाव में सामने से आने वाले वाहनों और रास्ते का अंदाजा लगाने में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से फ्लाईओवर पर जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है, ताकि लोगों को अंधेरे में आवागमन न करना पड़े।

ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाला

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत महगांव से प्रताड़ना और क्रूरता का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां दहेज लोभी ससुरालियों ने न सिर्फ एक विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया बल्कि उसकी ममता पर प्रहार करते हुए उसकी मासूम बच्ची को छीनकर उसे बेघर कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस अब मामले की छानबीन में जुट गई है।

चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां गांव निवासी हलीमा का विवाह चार वर्ष पूर्व संदीपन घाट के महगांव निवासी मुश्तकीम के साथ पूरे रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। शादी के समय पीड़िता के मायके पक्ष ने अपनी हैसियत और सामर्थ्य से बढ़कर दान-दहेज जेवरात और एक मोटरसाइकिल ससुराल वालों को सौंपी थी। शादी के शुरुआती दिन सामान्य रहे और इस दौरान दंपति को एक बेटी का सुख भी प्राप्त हुआ। आरोप है कि बच्ची के जन्म के कुछ ही समय बाद ससुराल वालों की नीयत में खोट आ गया। पति मुश्तकीम और उसके परिजनों ने मायके से अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। जब पीडिता ने मायके की कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो ससुरालियों का रवैया हैवानियत में बदल गया। आए दिन पीडिता के साथ गाली-गलौज, मारपीट और अमानवीय व्यवहार किया जाने लगा। उत्पीड़न की पराकाष्ठा तब पार हुई जब लगभग दस दिन पूर्व ससुराल वालों ने एकराय होकर हलीमा को बेदर्दी से पीटा और उसकी गोद से उसकी दुधमुंही बच्ची को जबरन छीन लिया। इसके बाद पीडिता को बदहवास हालत में धक्के देकर घर से बाहर खदेड़ दिया गया। जाते-जाते दबंग ससुरालियों ने पीडिता को सख्त हिदायत और धमकी दी कि यदि दोबारा इस चौखट पर कदम रखा या पुलिस के पास गई तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। ससुरालियों की धमकी और प्रताड़ना से सहमी पीडिता किसी तरह अपने मायके पहुंची और आपबीती परिजनों को सुनाई। शनिवार को पीडिता परिजनों के साथ संदीपन घाट थाने पहुंची और पति मुश्तकीम समेत अन्य नामजद ससुरालियों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले में थाना प्रभारी संदीपन घाट का कहना है कि पीडिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पट्टीदार ने जमीनी विवाद में महिला को पीटा

चायल,कौशाम्बी। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मैनापुर गांव में शनिवार की सुबह पट्टीदार ने चचेरे भाई संग जमीनी विवाद में एक महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाने बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

एयरपोर्ट क्षेत्र के मैनापुर गांव की उर्मिला देवी पत्नी स्व० जगत सिंह यादव के मुताबिक पट्टीदार से उसका जमीनी विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह वह सरसों की बुआई कराने के लिये खेत की जुताई करा रही थी।इसी दौरान पट्टीदार अपने चचेरे भाई के साथ खेत पर पहुंचा और खेत जुताई का विरोध कर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने डंडे से उसकी पिटाई कर दी।साथ ही कपड़ा भी फाड़ दिया। पिटाई से उसको काफी चोटे आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक के प्रति किया जागरूक



किसानों को जागरूक करते वैज्ञानिक ।

चायल,कौशाम्बी। कृषि विज्ञान केंद्र ने शनिवार को चरवा के मदूकी गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना टिकाऊ कृषि की आधारशिला है। धरती माता के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने, रासायनिक उर्वरकों के अनावश्यक एवं असंतुलित उपयोग से बचने तथा जैविक खाद, हरी खाद एवं प्राकृतिक खेती की विधियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जैविक पदार्थों के समुचित उपयोग से मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है,और सूक्ष्मजीव की उपलब्धता भी बढती है। इससे खेती की लागत कम करने और भूमि की दीर्घकालिक उत्पादकता बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों, विशेषकर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से पानी का दक्ष उपयोग किया जा सकता है तथा फसलों की आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करके उत्पादन लागत कम करने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने मीडो बागवानी के विषय में जानकारी देते हुए किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया,एवं वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की कि वे खेत की मिट्टी की सेहत को प्राथमिकता देते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का उपयोग करें, जिससे उत्पादन एवं आय में वृद्धि के साथ कृषि को लंबे समय तक संरक्षित रहे।

तालाब से गेंद निकालने को लेकर विवाद, मारपीट का आरोप

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के भानीपुर निवासी राजेंद्र सरोज ने शुक्रवार शाम करीब पांच बजे तालाब में मछली पकड़ने के दौरान मारपीट का आरोप लगाया है। राजेंद्र के मुताबिक दारानगर के हरबंसा तालाब के पास में क्रिकेट खेल रहे बच्चों की गेंद तालाब में चली गई। गेंद निकालने के लिए बच्चे उसके पास पहुंचे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। राजेंद्र ने आरोप लगाया कि इस दौरान खिलाडियों ने उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद राजेंद्र ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपनी आपबीती बताई। हालांकि खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस से कोई शिकायत नहीं की गई थी।

नियमों की अनदेखी पर २०७ वाहनों का ई-चालान

कौशाम्बी। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को जिलेभर में पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले २०७ वाहनों का ई-चालान किया गया। डीएसपी ट्रैफिक भैया संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस ने प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान पिकअप और ट्रैक्टर समेत अन्य मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी बैठाकर ले जाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने चालकों को मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने की हिदायत दी। इसके अलावा इंटरसेप्टर स्पीड रडार गन से वाहनों की गति जांची गई। नंबर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट व जरूरी अभिलेखों की भी जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। स्कूल वाहनों की जांच कर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए।

गड्ढों में तबदील हुई सड़क

पश्चिम शरीरा,कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा से सरसवां को जोड़ने वाला मार्ग पांच से छह किलोमीटर की दूरी पर पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। इस मार्ग से सरसवां, लोधन का पुरवा, धोबिन का पुरवा, पश्चिम शरीरा और सरसवां के लोगों को हाइवे से जोड़ने के साथ-साथ कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। सड़क की जर्जर हालत के चलते ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम शरीरा से सरसवां जाने वाली सड़क का निर्माण मंडी परिषद ने वर्ष २०११-१२ में में कराया था। निर्माण के बाद से आज तक सड़क की दोबारा मरम्मत नहीं कराई गई। मरम्मत के आभाव में सड़क की हालत कई वर्ष से खराब है। सड़क में गड्ढे होने से सबसे गंभीर स्थिति मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए है। यह मार्ग सरसवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत होती है। वहीं गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाते समय भी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी मार्ग से सीएचसी और पीएचसी की एंबुलेंस भी गुजरती हैं। ऐसे में सड़क की बदहाली आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी चुनौती बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत नहीं होने से आवागमन लगातार मुश्किल होता जा रहा है। विभागीय जिम्मेदार हैं कि सड़क की जर्जर हालत को लेकर तनिक भी संजीदा नहीं दिख रहे हैं।

मेडिकल कालेज कौशाम्बी में विश्व पोलियो दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूकता कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते प्राचार्य ।

कौशाम्बी। स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोलियो उन्मूलन, नियमित टीकाकरण तथा प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० हरिओम कुमार सिंह ने कहा कि भारत ने वर्ष २०१४ में पोलियो मुक्त देश का दर्जा प्राप्त किया था। इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्कता, नियमित टीकाकरण और जनजागरूकता आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को निर्धारित समय पर पोलियो की सभी खुराक अवश्य दिलाएं, जिससे कोई भी बच्चा इस सुरक्षा से वंचित न रहे। कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिससे टीकाकरण के माध्यम से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी और सामुदायिक सहयोग पोलियो उन्मूलन के प्रमुख आधार हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी पोलियो उन्मूलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। डॉ. सुफिया और डॉ. निखिल ने पोलियो से बचाव के लिए दिए जाने वाले दोनों प्रकार के टीकों-ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) और इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी)-के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीकाकरण बच्चों को पोलियो संक्रमण और उससे होने वाली गंभीर शारीरिक दिव्यांगता से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में सह-आचार्य डॉ. रविरंजन सिंह, सहायक आचार्य डॉ. नंदिनी राघव, क्वालिटी मैनेजर डॉ. शुऐब सिद्दीकी सहित अन्य संकाय सदस्य, चिकित्साधिकारी, सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट और इंटर्न उपस्थित रहे।

मौसम में बढ़े एलर्जिक राइनाइटिस के मरीज

कौशाम्बी। मौसम में बदलाव होले के साथ ही एलर्जी संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। मेडिकल कॉलेज की नाक-कान-गला (ईएनटी) ओपीडी में रोज करीब १५० मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें २५-३० मरीज एलर्जिक राइनाइटिस की समस्या से पीडित होते हैं। नाक बहना, लगातार छींक आना, नाक में खुजली और आंखों से पानी आने जैसी शिकायतों के साथ मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पंकज तिवारी मरीजों को उपचार देने के साथ ही बचाव के उपाय भी बता रहे हैं। एलर्जिक राइनाइटिस ऐसी स्थिति है, जिसमें धूल, धुआं, परागकण और मौसम में बदलाव जैसे कारणों से नाक की अंदरूनी परत में एलर्जी की प्रतिक्रिया होती है। इससे बार-बार छींक आने, नाक बंद होने या बहने और गले में खराश जैसी परेशानी हो सकती है। जिन लोगों को पहले से एलर्जी की समस्या है, उनमें मौसम बदलने पर लक्षण बढ़ सकते हैं। मेडिकल कॉलेज की ईएनटी विभाग में उपचार कराने पहुंचे अमित कुमार, शनि, फूलचंद्र, सुरेंद्र कुमार, अंजली देवी और सरोज कुमार सहित अन्य मरीजों को एलर्जी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की शिकायतों में छींक आना, नाक बहना और नाक बंद होने जैसी परेशानियां शामिल हैं। बदलते मौसम में इन लक्षणों से राहत पाने के लिए मरीज चिकित्सकीय सलाह लेकर उपचार करा रहे हैं।

ननमई गांव में जगह-जगह लगा गंदगी का ढेर

कौशाम्बी। ब्लाक कड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ननमई में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल है। गांव के बाहर जगह-जगह गंदगी और प्लास्टिक की कैरी बैग का अंबार लगा हुआ है चारों तरफ फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं वहीं कचरा निस्तारण के लिए बनाया गया कचरा घर भी धूल से पटा हुआ है और महज शोपीस बनकर रह गया है। गांव स्थित कचरा घर के अंदर बने शौचालय की हालत भी बेहद खराब है शौचालय के अंदर लगी बेसिन और सीट टूटी हुई हैं। परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीण अल्ताफ अली और सनाउल मुस्तफा का कहना है कि गांव में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं कराई जाती है। कचरा घर बनने के बावजूद उसका समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से गांव में नियमित सफाई कराने और कचरा घर व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी

कौशाम्बी। डा० रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ में शनिवार को मानवाधिकार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के प्रोफेसर सैयद अली नवाज जैदी ने छात्र-छात्राओं को मानवा अधिकारों के महत्व और आधुनिक तकनीक की भूमिका की जानकारी दी। कॉलेज के मूट कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर जैदी ने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता और तकनीकी बदलावों को समझने पर जोर दिया। उन्होंने विद्याथिर्यों को समसामयिक विषयों की जानकारी देते हुए इनकी उपयोगिता बताई। कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद जफर ने कानूनी शिक्षा के महत्व और समाज में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. रिजवी स्प्रिंग फील्ड के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पांडेय, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. अनीस अफजल और डॉ. रिजवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना सहित शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. शमीम अहमद खान, अजाज अहमद, डॉ. अतुल पाल, अजय द्विवेदी, डॉ. विपुल तिवारी, डॉ. कुलदीप यादव राकेश कुमार शिव प्रसाद बुधराम गयादीन राकेश कुमार शिव प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल हुए। संचालन हुसैन फातिमा ने किया।

प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला सम्पन्न

दारानगर में वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ हुआ राज्याभिषेक, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

कड़ा,कौशाम्बी। दारानगर में आयोजित ऐतिहासिक २४७वें श्रीरामलीला महोत्सव का समापन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। १३ दिनों तक चले इस महोत्सव में श्रीरामलीला कमेटी दारानगर की ओर से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति भावना से ओतप्रोत रहे। राज्याभिषेक कार्यक्रम में हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

दारानगर में आयोजित ऐतिहासिक २४७वें श्रीरामलीला महोत्सव का समापन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। १३ दिनों तक चले इस महोत्सव में श्रीरामलीला कमेटी दारानगर की ओर से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन कराया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति भावना से ओतप्रोत रहे। राज्याभिषेक कार्यक्रम में हजारों लोगों की मौजूदगी रही। राज्याभिषेक समारोह में बड़ी दरबार दारानगर के मुतवल्ली अभिषेक शुक्ला ने प्रभु श्रीराम का प्रथम तिलक किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर राज्याभिषेक की रस्म पूरी कराई गई। श्रीरामलीला कमेटी के प्रधान पुरोहित पंडित चंद्रिका प्रसाद मिश्र, पुरोहित पंडित रेवती रमण पाण्डेय, पंडित नील कमल मिश्र और पंडित संजय पाठक ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के समापन पर श्रीरामलीला कमेटी ने रामलीला से जुड़े सभी पात्रों को विदाई दी और १३ दिवसीय महोत्सव के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष जय मणि तिवारी, महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, संरक्षक मूल प्रकाश त्रिपाठी सहित कमेटी के पदाधिकारी ने तिलक किया साथ ही कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा आद्या प्रसाद पांडेय, अतुल पाठक,अमृत लाल केसरवानी, दीनानाथ अवस्थी, मयंक मिश्र, उमेश मिश्रा, सुबेश मिश्र, नितिन कुमार राकेश कुमार समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।